# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 04.10.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव की सभी राज्यों के मुख्य सचिव और स्वास्थ्य सचिव के साथ आज वर्चुअल बैठक, कफ सिरप के उचित उपयोग और दवाओं की गुणवत्ता पर होगी चर्चा।
2. केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा– जन भागीदारी से बनेगा स्वच्छ और सुंदर भारत, कोडरमा में स्वच्छता और स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर वॉकाथॉन में हुईं शामिल।
3. नक्सलियों के 8 अक्टूबर से प्रतिरोध सप्ताह को लेकर झारखंड पुलिस अलर्ट , बरती जा रही विशेष सतर्कता।
4. मध्यप्रदेश की पुलिस ने देवघर से दो साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार, साढ़े आठ लाख नकद बरामद, शिक्षक के बैंक खाते से की थी 14 लाख की फर्जी निकासी।
5. और कोलंबो में महिला एक दिवसीय क्रिकेट विश्व कप में आज भारत का पाकिस्तान से होगा मुकाबला ।

*******************

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव आज सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और स्वास्थ्य सचिवों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस करेंगी। शाम चार बजे से होने वाली बैठक में कफ सिरप के उचित उपयोग पर चर्चा होगी साथ ही दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और दवा सुरक्षा और गुणवत्ता नियंत्रण पर विमर्श किया जायेगा।

*******************

कोडरमा के झुमरी तिलैया में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने को लेकर आज वॉकाथॉन का आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ. नीरा यादव समेत सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। केंद्रीय मंत्री ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि "स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बनना चाहिए।

*******************

बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड में भी राजनीतिक गहमागहमी बढ़ गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दावा किया है कि एक बार फिर बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी ।

भाजपा के दावों पर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने तंज कसा है । पार्टी प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि भाजपा में काम के बल पर वोट मांगने की ताकत नहीं है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी सबको घर योजना का लाभ अब धरातल पर दिखने लगा है । गिरिडीह के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शीतलपुर के लोग प्रधानमंत्री आवास मिलने से बेहद खुश हैं। कच्चे मकानों में रहकर गुजर बसर करने वाले लाभुकों का कहना है कि पहले मिट्टी के मकान में रहते थे और उन्हें घर के ढहने का भय हमेशा रहता था। उन्होंने पक्का मकान मिलने पर प्रधानमंत्री का आभार जताया।

वहीं जिले की महिला लाभुकों का कहना है कि पक्का मकान उनके लिए सपना था जिसे मोदी सरकार ने पूरा किया।

*******************

आठ से लेकर चौदह अक्टूबर तक नक्सलियों के प्रतिरोध सप्ताह को लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय द्वारा पूरे राज्य में अलर्ट जारी किया गया है। खासकर राज्य के वैसे जिले जहां नक्सलियों का प्रभाव ज्यादा है। वहां

विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत दी गई हैं झारखंड पुलिस के एसआईबी के द्वारा सभी जिलों के एसएसपी–एसपी को इस सबंध में पत्र भी लिखा गया है। इस पत्र में सभी जिलों के एसपी को निर्देश दिया गया है कि सुरक्षा के लिहाज से खतरनाक सभी सुरक्षा कैंपों को विशेष अलर्ट पर रखा जाए  साथ ही वहां तैनात कर्मियों को भी सुरक्षा संबंधी निर्देश दिए गए है।

******************

मध्यप्रदेश के पन्ना जिले की पवई थाना की तीन सदस्यीय पुलिस टीम साइबर ठग की तलाश में देवघर पहुंची। टीम ने पथरौल पुलिस के सहयोग से कसैया और ऊपर बिलरिया गांव में छापेमारी कर दो युवकों को साइबर ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से साढ़े आठ लाख नकद,  एटीएम कार्ड, सिम कार्ड, जेवर और कई अन्य कागजात जब्त किए गए हैं। इन साइबर अपराधियों ने बैंक की गोपनीय विवरणी हासिल कर शिक्षक के बैंक खाते से 14 लाख रुपये की फर्जी निकासी की थी।

******************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कैलाशपति मिश्र की आज जयंती मनाई जा रही है। इस अवसर पर रांची के बिरसा चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद आदित्य साहू, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, महानगर अध्यक्ष सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

******************

सिमडेगा जिले में मनरेगा के तहत लोगों के आर्थिक उत्थान का प्रयास जारी है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

******************

रांची– पटना राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर चुट्टूपालू घाटी में दर्दनाक हादसा हुआ। अनियंत्रित हाईवा ने एक बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे के बाद भाग रहे हाइवा चालक ने एक  कार को भी टक्कर मारी दी। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार एनएच–33 पिछले चार घंटे से जाम है। जाम की वजह से राहगीरों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 9 हजार 200 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 53 हजार रुपये प्रति किलो है।

******************

झारखंड के गढ़वा जिले के भवनाथपुर में पिछले 24 घंटे के दौरान 185 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई। यह जानकारी मौसम विभाग ने दी। विभाग के अनुसार झारखंड के पश्चिमी बिहार के दक्षिण और दक्षिण पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं उत्तरी छत्तीसगढ़ के ऊपर बना निम्न दबाव का क्षेत्र उत्तर पूर्व की ओर होते हुए बिहार की ओर कमजोर पड़ गया है। इससे आने वाले दिनों में मौसम साफ रहने की संभावना है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान गोड्डा में 30 डिग्री और सबसे कम तापमान लातेहार में 20 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

*****************

आईसीसी महिला क्रिकेट विश्वकप में भारत आज कोलंबो में अपने दूसरे मैच में पाकिस्तान के साथ खेलेगा। यह मैच दोपहर बाद तीन बजे से शुरू होगा। भारत ने अपने पहले मुकाबले में श्रीलंका को 59 रन से हराया था जबकि पाकिस्तान को पहले मैच में बांग्लादेश के साथ सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

*****************